प्रेस नोट 01/04/2024

◆एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

आज दिनांक 01.04.2024 जनपद मऊ के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा शासन द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 01.04.2024 पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।

आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024के दृष्टिगत जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 01.04.2024 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में पूरे जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त । साथ ही साथ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चालाया जा रहा है।